अव्यवस्था | सुरक्षा के इंतजामों को लेकर फिर उठे सवाल

# नर्मदा नदी में डूबने से युवक की मौत




**नवभारत,नरसिंहपुर,तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को गंगा दशहरा के अवसर पर गाडरवारा तेंदूखेड़ा के बीच नर्मदा नदी के पावन तट ककरा घाट पर सुबह-सुबह नहाने गये एक बालक की डूबने की दुखद निधन हो गया। लगातार नर्मदा घाटों पर हो रही इस तरह की घटनाओं दुर्घटनाओं को लेकर सुरक्षा को लेकर अनेकों बार सबाल उठे लेकिन कोई उचित इंतजाम नहीं किए गए।

## पार्किंग व्यवस्था और वाहनों का जाम भी एक समस्या

हर पूर्णिमा अमावस्या और त्यौहार विशेष पर यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर स्नान कर पूजन अर्चन भंडारा प्रसादी वितरण पिकनिक मनाया करते हैं। घाट पर दुर्घटना संभावित स्पाट पर किसी भी प्रकार की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण अनभिज्ञ व्यक्ति इस भंवरजाल में फंसकर असमय काल के समा जाते हैं। इस सड़क मार्ग पर गाडरवारा तेंदूखेड़ा के लिए सैकड़ों बाहनों की आवा-जाही मची रहती है।

## पालक वर्ग नहीं दे रहे ध्यान

इसी बीच भारी वाहनों एन टी पी सी से फ्लाइश लेकर जाने वाले वाहनों की आवाजाही अंधी रफ्तार से नदी के ऊपर से बनें पुल से लेकर दोनों तरफ जाम की स्थिति बनी रहती है। छोटे छोटे बाहनों को निकलने में परेशानी हुआ करती है। घाटों पर अल्प पुलिस व्यवस्था इस आवाजाही को सुलझाने में ही लगे रहते हैं और नीचे घाटों तक नहीं पहुंच पाते हैं। चूंकि घटनाओं को घटित होने में पालक वर्ग भी बराबरी का हकदार है।केवल प्रशासन पर दोष मढ़ना भी ठीक नहीं है। अपने अपने पाल्यों को जवाबदारी पूर्वक भेजना फिर उनकी हर गतिविधि पर नजर रखने तक पालक की जिम्मेदारी ही बनती है। ककरा घाट पर पिलरों के पास बड़े बड़े खाई नुमा गड्ढों उनमें लगे जालों में फंसने के कारण डूबनें वाले बाहर नहीं निकल पाते हैं इस जगह पर काफी दूर से ही फेसिंग की जरूरत है। समय समय पर आवागमन पार्किंग और घाटों प्रकाश व्यवस्था शौचालय कपड़े चेंजिंग रूम सहित विभिन्न विंदुओं पर समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया जाता है लेकिन इस दिशा में आज तक कोई उचित पहल व्यवस्था नहीं हो सकी है केवल स्थानीय ग्राम पंचायतों को ही व्यवस्था करने फरमान जारी कर अधिकारी अपने कर्तव्यों की इति श्री समझ बैठते हैं।



## महिला के पेट से सफलतापूर्वक निकाला 13 किलो का ट्यूमर

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के श्रीधाम हॉस्पिटल में एक महिला के पेट से 13 किलो वजन का ट्यूमर निकालने का मामला सामने आया है। गाडरवारा निवासी 43 वर्षीय राजकुमारी यादव लंबे समय से पेट दर्द से परेशान थीं। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह किसी बड़े अस्पताल में इलाज कराने नहीं जा सकी थीं। परेशानी बढ़ने पर उन्हें श्रीधाम हॉस्पिटल लाया गया, जहां जांच के दौरान उनके पेट में बड़ी गांठ होने का पता चला। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टर अमरेंद्र वर्मा और डॉ. अशिता दुबे ने मरीज का यहीं ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। दोनों सर्जनों की टीम ने करीब 2 घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद महिला के पेट से 13 किलो का ट्यूमर सफलतापूर्वक बाहर निकाला। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत में सुधार है और वह स्वस्थ है। स्थानीय स्तर पर इस जटिल ऑपरेशन के सफल होने पर डॉक्टरों की सराहना की जा रही है। वहीं, मरीज के परिजनों ने राहत मिलने पर डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त की।

# पुलिस ने 7 चोरी की घटनाओं का खुलासा किया



**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग, रात्रि गश्त एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी की जा रही है। साथ ही चोरी की घटनाओं के खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है। थाना गाडरवारा पुलिस ने 7 चोरी की घटनाओं का किया खुलासा, लगभग 17 लाख का मशरूका बरामद दिनांक 05/05/2026 को आनंद विहार कॉलोनी गाडरवारा में सूने मकान से सोने के जेवर चोरी होने की रिपोर्ट पर थाना गाडरवारा में अपराध पंजीबद्ध कर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों का संकलन कर रेलवे स्टेशन गाडरवारा के पास से एक संदेही को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी राजकुमार उर्फ राकेश उर्फ रक्कू दुबे निवासी जिला सागर द्वारा आनंद विहार कॉलोनी गाडरवारा में सूने मकान में चोरी करना एवं चोरी का मशरूका अमरशांति कॉलोनी की झाड़ियों में छिपाना स्वीकार किया गया। आरोपी के मेमोरेंडम के आधार पर चोरी गया सोने-चांदी का मशरूका बरामद किया गया। सघन पूछताछ में आरोपी द्वारा करेली, सिहोरा एवं गाडरवारा क्षेत्र में अन्य चोरी की वारदातें करना भी स्वीकार किया गया। साथ ही आरोपी ने पान दुकान में चोरी एवं दो मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं करना भी स्वीकार किया है। सोने के 04 कंगन, 01 हार, 03 मंगलसूत्र, 02 जोड़ी झुमकी, 01 जोड़ी टॉप्स, 01 चेन, 01 मांग टीका, 02 अंगूठी, 01 पांचाली। चांदी की 01 जोड़ी पायल एवं 200 चांदी की अंगूठियां। कुल मशरूका कीमती लगभग 17 लाख।

**गिरफ्तार आरोपी:** राजकुमार उर्फ राकेश उर्फ रक्कू पिता रमेश कुमार दुबे निवासी ग्राम सुना थाना महाराजपुर जिला सागर। आरोपी राजकुमार दुबे के विरूद्ध थाना महाराजपुर,थाना केसली जिला सागर, थाना गाडरवारा, थाना सुआतला, थाना करेली जिला नरसिंहगपुर में गृहभेदन, मोटरसाईकल चोरी, मारपीट, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किये गये है। थाना सुआतला पुलिस ने 2 चोरी की घटनाओं का किया खुलासा, लगभग 11 लाख का मशरूका बरामद दिनांक 06/03/2026 को बरमान कला स्थित हनुमान मंदिर एवं दिनांक 17/04/2026 को ग्राम लोलरी स्थित सूने मकान में चोरी की घटनाएं हुई थीं, जिनमें अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी की गई थी। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी सुंदर जाटव निवासी बारहा छोटा एवं उसके साथी पवन जाटव की पहचान की गई। आरोपी सुंदर जाटव को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा मंदिर एवं सूने मकान में चोरी करना स्वीकार किया गया।



## एसडीएम को किसानों ने सौंपा ज्ञापन 8 सूत्रीय मांगों को लेकर उठाई आवाज

**नवभारत,गाडरवारा।** गाडरवारा राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के बैनर तले किसानों ने मंगलवार को गाडरवारा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और एसडीएम कलावती ब्यारे को मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा रात के समय की जा रही अघोषित कटौती से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बनखेड़ी क्षेत्र में किसान के साथ हुई अभद्रता का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में किसानों ने वर्ष 2026 में मूंग और उड़द की 100 प्रतिशत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी शुरू करने, गेहूं बिक्री के लिए।

# कचरे के ढेर और जाम नालियां बीमारी को दे रही आमंत्रण



**नवभारत,गोटेगांव।** जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत करकबेल में साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एक तरफ शासन-प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ इस ग्राम में स्थिति इसके विपरीत बनी हुई है। गांव के मुख्य रास्तों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में फैली गंदगी और मच्छरों के प्रकोप के कारण स्थानीय निवासियों में डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में सरपंच और पंचायत प्रशासन को कई बार मौखिक व लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और न ही सफाई कर्मचारी नियमित रूप से आ रहे हैं। ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि स्वच्छ गांव स्वस्थ गांव के नारे को साकार करने के लिए तत्काल विशेष सफाई अभियान शुरू किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जाम नालियों को साफ करवाकर कचरा निपटान की उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दिशा में पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को तुरंत उचित कदम उठाने की आवश्यकता है।



## समन्वय समिति का प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत,गाडरवारा।** गत दिवस गायत्री परिवार समन्वय समिति का प्रशिक्षण गायत्री शक्तिपीठ गाडरवारा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम मां गायत्री पूजन के साथ प्रशिक्षक वृंदावन पटेल, वीरेन्द्र पटेल एवं प्रबंध ट्रस्टी नरसिंहपुर थम्मन सिंह शर्मा का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। निर्धारित समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सदस्यों को सौंपे गए विभिन्न दायित्वों जैसे मंडल विस्तार, नारी जागरण अभियान, आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी, युवा जोड़ो अभियान, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, साधना एवं स्वाध्याय, पर्यावरण संरक्षण, बाल संस्कार शाला, स्वावलंबन शिक्षण, नशामुक्ति आंदोलन, साहित्य एवं पत्रिका विस्तार तथा स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम चलाने की जानकारी प्रदान की गई।

### एक नजर में

## दुर्घटनाओं को लेकर चक्काजाम करना गैर कानूनी

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिला दंडाधिकारी रजनी सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत नरसिंहपुर जिला सीमा क्षेत्र के अंतर्गत लोक शांति, सुरक्षा एवं सुचारू आवागमन बनाए रखने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं के भीतर किसी भी सड़क दुर्घटना के विरोध में किसी भी व्यक्ति, समूह, परिजनों या आम जनता द्वारा मुख्य मार्गों, चौराहों या किसी भी सड़क पर आवागमन बाधित (चक्काजाम/ सड़क जाम) नहीं किया जाएगा। दुर्घटना स्थल या उसके आसपास शांति भंग करने, शासकीय कार्य में बाधा डालने या यातायात रोकने के उद्देश्य से गैर कानूनी रूप से भीड़ एकत्र करना पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी व्यक्ति या संगठन के द्वारा सोशल मीडिया (व्हाट्सएप, फेसबुक आदि) या लाउड स्पीकर/ मौखिक रूप से चक्काजाम करने के लिए भीड़ को उकसाना या अफवाह फैलाना प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश कानून व्यवस्था ड्यूटी में तैनात प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस बल, एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड और शव वाहनों पर लागू नहीं होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों/ समूहों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं (जैसे लोक सेवक के आदेश की अवहेलना, लोक मार्ग में बाधा उत्पन्न करना आदि) के तहत दंडात्मक एवं वैधानिक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 26 मई 2026 से आगामी 60 दिनों (दो माह) की अवधि तक सम्पूर्ण जिले में प्रभावशील रहेगा।

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजनांतर्गत गोटेगांव में पंजीयन के लिए शिविर आयोजित

**नवभारत,नरसिंहपुर।** श्रम पदाधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवायएम) संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य वृद्धावस्था में श्रमिकों को आर्थिक संबल प्रदान करना है। इस योजना के तहत 18 से 40 वर्ष तक की आयु वर्ग के असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये हो और वह आयकर दाता न हो। साथ ही वह ईपीएफओ (पीएफ), ईएसआईसी या एनपीएस का सदस्य न हो, अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## आकाश जैन (रम्मू) का निधन



**नवभारत,गाडरवारा।** आकाश जैन (रम्मू) का अस्वस्थता के चलते 25 मई 2026 को दोपहर 2-15 बजे देवलोक गमन हो गया। वे स्वर्गीय मुलायम चंद जैन एवं स्वर्गीय श्रीमती कमलारानी जैन के पुत्र थे। उनके निधन से परिवार एवं समाज में शोक की लहर व्याप्त है। आकाश जैन (रम्मू) अपने सरल स्वभाव, स्नेही व्यक्तित्व और मिलनसार व्यवहार के लिए जाने जाते थे। उनके अचानक निधन को परिवार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोकाकुल परिवार में उनके भाई रमन कुमार जैन, स्वर्गीय मुकेश कुमार (मटोल)जैन, अमर कुमार (अम्मू) , आशीष कुमार (डब्बू) जैन, अभय(नाना) जैन सहित समस्त गोयल परिवार शामिल हैं। नगर के सामाजिक एवं धार्मिक लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## 9 जून तक विकासखंडों में शिविर लगाए जाएंगे

**नवभारत,नरसिंहपुर।** उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में एम.आर. ट्रस्ट एल्मिकों के माध्यम से एडिप योजना के अंतर्गत जिले के ऐसे दिव्यांगजन, जिनके हाथ या पैर नहीं है, उन्हें ऑन द स्पॉट एवं कृत्रिम हाथ-पैर (उन्नत तकनीकी से तैयार) का चिन्हांकन/ नि:शुल्क वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिला मुख्यालय सहित विकासखंडों में प्रात:10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उक्त शिविर सोमवार 01 जून को जनपद पंचायत गोटेगांव, मंगलवार 02 जून को पी.जी. कॉलेज नरसिंहपुर, बुधवार 03 जून को सामुदायिक भवन करेली, गुरूवार 04 जून को जनपद पंचायत चांवरपाठा, शुक्रवार 05 जून को जनपद पंचायत चीचली, सोमवार 08 जून को नगर पालिका गाडरवारा और मंगलवार 09 जून को जनपद पंचायत सांईखेड़ा में लगाए जाएंगे।



## सिद्धेश्वर शक्ति केंद्र भाजपा गोटेगांव की बैठक

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस गोटेगांव खेड़ा स्थित ग्राम पंचायत खेड़ा में भारतीय जनता के सिद्धेश्वर शक्ति केंद्र की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से नगर भाजपा मंडल प्रभारी पंडित संतोष दुबे की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुई और आगामी प्रसारण को लेकर चर्चा करते हुए कार्यक्रम को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर सक्रियता तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को मन की बात कार्यक्रम से जोड़ें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंजनी सोनी, गोटेगांव खेड़ा सरपंच प्रियंका खेमरिया, अभिषेक सोनी, ओम दुबे सहित नागरिक बंधु एवं महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन की मजबूती और राष्ट्रहित में कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।

## स्व .छोटेलाल साहू श्री राम जानकी मंदिर ट्रस्ट की बैठक आयोजित



**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस ठाकुर बाबा स्थित एसआरजी कार्यालय में स्वर्गीय श्री छोटेलाल साहू राम जानकी मंदिर ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से ट्रस्ट संरक्षक इंजीनियर सरदारसिंह पटेल अध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू एवं मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष पंकज चौकसे व सचिव डॉ जितेंद्र चौबे की उपस्थिति में बैठक प्रारंभ हुई।

जिसमें सर्वप्रथम कोष अध्यक्ष भगवान दास बीडी साहू द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया एवं दिनांक 28 मई दिन गुरुवार को निर्माणाधीन मंदिर का लेटर प्रारंभ करने की सूचना दी गई ! बैठक में लगातार अनुपस्थित ट्रस्टी सदस्य संदीप नेमा एवं सुरेश मेहरा मेहरा को बैठक अनुपस्थिति का कारण बताओं नोटिस जारी करने का समिति ने निर्णय लिया एवं 7 दिवस के अंदर नोटिस का संतोषप्रथ जवाब ना आने पर ट्रस्ट से पृथक किया जा सकता है ऐसा समिति ने निर्णय लिया। बैठक में मंदिर से लगी कृषि भूमि पर इंजीनियर द्वारा मापन कराते हुए योजना बनाकर वहां पर निर्माण कार्य किया किए जाने की सहमति प्रदान की गई ! बैठक में संगीत साहू द्वारा 51 हजार एवं घनश्याम साहू द्वारा 21 हजार की राशि समिति को मंदिर निर्माण हेतु दान दी गई द्व बैठक में खेमचंद साहू बद्री प्रसाद साहू पवन साहू शिव शंकर साहू गोलू साहू ओमप्रकाश साहू गिरधारी साहू पत्रकार आशीष साहू की गरिमामई में उपस्थिति रही।

# दहलवाड़ा ग्राम पंचायत की अनूठी मानवीय पहल

## गरीब परिवारों के शोक में अब मिलेगा आर्थिक सहयोग



**नवभारत,गाडरवारा।** समाज सेवा और मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश करते हुए दहलवाड़ा ग्राम पंचायत के युवा सरपंच राहुल सिंह पटेल ने गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए एक सराहनीय पहल की शुरुआत की है। माननीय शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर शुरू की गई।

इस योजना के तहत ग्राम पंचायत दहलवाड़ा में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों में यदि किसी सदस्य का निधन होता है, तो शोकग्रस्त परिवार को सरपंच राहुल सिंह पटेल की ओर से ?5100 नगद राशि एवं एक क्विंटल शक्कर की सहायता प्रदान की जाएगी। इस नई योजना की शुरुआत ग्राम के निवासी मूलचंद यादव के निधन के बाद की गई। लगभग 80 वर्षीय मूलचंद यादव लंबे समय से आर्थिक तंगी में जीवन यापन कर रहे थे। उनके निधन के बाद घर में उनकी 78 वर्षीय वृद्ध धर्मपत्नी अकेली रह गईं। परिवार की स्थिति इतनी कमजोर थी कि अंतिम संस्कार एवं शोक कार्यक्रम की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही सरपंच राहुल सिंह पटेल तुरंत उनके घर पहुंचे और संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ?5100 की आर्थिक सहायता तथा एक क्विंटल शक्कर प्रदान की। इस दौरान का भावुक दृश्य वहां मौजूद लोगों की आंखें नम कर गया। वृद्ध महिला ने सरपंच से कहा कि बेटा, स्वदेशी और अन्य व्यवस्थाओं के लिए घर में कोई साधन नहीं है। यह सुनकर सरपंच राहुल सिंह पटेल ने तत्काल मदद करते हुए भरोसा दिलाया कि ग्राम पंचायत गरीब परिवारों के साथ हर दुख की घड़ी में खड़ी रहेगी। सरपंच राहुल सिंह पटेल ने बताया कि कुछ ही दिन पहले मूलचंद यादव का प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। उनका पुराना मकान पूरी तरह जर्जर और खिसक चुका था, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। प्रधानमंत्री आवास मिलने के बाद वे बेहद खुश थे।

# कृषि उपज मंडी की बदहाल व्यवस्था उजागर

**नवभारत,गाडरवारा।** गाडरवारा कृषि उपज मंडी से सामने आ रही तस्वीरें मंडी की बदहाल व्यवस्थाओं की पोल खोल रही हैं। एक ओर मंडी में 15 से 20 गार्ड तैनात होने का दावा किया जाता है, लेकिन जिन जिम्मेदारियों के लिए उन्हें रखा गया है, उनका असर ज़मीनी स्तर पर नजर नहीं आ रहा। अधिकांश गार्ड या तो कार्यालयों में बैठे दिखाई देते हैं या कर्मचारियों की सेवा-सुश्रुषा में व्यस्त नजर आते हैं। वहीं दूसरी ओर अन्नदाता किसान अपनी मेहनत की उपज लेकर कड़ी धूप में मंडी पहुंच रहे हैं। किसानों की सबसे बड़ी परेशानी आवारा पशु बन चुके हैं, जो प्लेटफॉर्म और शेड पर चढ़कर खुले में रखी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान अपनी उपज बचाने के लिए लगातार जूझते दिखाई दे रहे हैं।


## कार्यालय नगर परिषद सांईखेड़ा, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)

Main Road, Sainkheda Phone : 07791-250320 Email: cmosaikheda@mpurban.gov.in)

पत्र क्रं . 728, 729, 730/ ई-टेण्डर/ 2026-27 | **निविदा सूचना** | सांईखेड़ा, दिनांक :- 25/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई .एम .डी . | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_510106_1 26/05/2026 | वार्ड क्र . 06 तालाब विकास कार्य। | 06 माह 6357274 .00 | 10000 .00 47800 .00 | 29/06/2026 |
| 2. | 2026_UAD_510107_1 26/05/2026 | नगर परिषद सांईखेड़ा हेतु विभिन्न निर्माण सामग्नी प्रदाय कार्य। | 09 माह 2000000 .00 | 2000 .00 20000 .00 | 29/06/2026 |
| 3. | 2026_UAD_510108_1 26/05/2026 | Request for Proposal from Reputed Firms of Chartered Accountants for Accrual Based Double Entry Accounting and Preparation of Annual Financial Statements, and other related works for the Nagar Parishad Sainkheda. | 12 माह 500000 .00 | 2000 .00 50000 .00 | 11/06/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद, सांईखेड़ा**